पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कुलपतियों एवं कुलसचिवों की बैठक आहूत की

लखनऊः 19 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर में सुधार लाने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं कुलसचिवों की बैठक आगामी 05 जनवरी, 2015 को राजभवन में आहूत की है।

राज्यपाल ने बैठक का आयोजन कुलपति और कुलसचिव के संबंधों में समन्वय, ससमय शैक्षिक सत्र का समापन, छात्र संघों का चुनाव, नैक मूल्यांकन का सुनिश्चितीकरण, श्रेष्ठ विश्वविद्यालय को सम्मानित करने हेतु 'चांसलर अवार्ड' प्रदान करना, अत्यधिक छात्र संख्या एवं शिक्षा गुणवत्ता के दृष्टिगत परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा तथा दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम का संचालन, प्रोटोकाल, वेशभूषा एवं आमंत्रण पत्र में एकरूपता पर विचार-विमर्श हेतु किया है।

राज्यपाल ने विज्ञान एवं औषधि संकाय में पाठ्यक्रम संशोधन हेतु स्वीकृति प्रदान की

लखनऊ: 19 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय, श्री राम नाईक ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा संचालित फिजियोथेरेपी एवं पैथालॉजी पाठ्यक्रम (अब बैचलर आफ साइंस इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी), स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर, को विज्ञान एवं औषधि संकाय के अंतर्गत विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में यथास्थान समाहित किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 की धारा-50(2) के अधीन स्वीकृति प्रदान कर दी है।

उल्लेखनीय है कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में पारित उक्त आशय का प्रस्ताव राज्यपाल/कुलाधिपति की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था।

वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 19 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने वरिष्ठ पत्रकार, श्री ताहिर अब्बास के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।